# BORDER NEWS MIRROR

ISSUE :

www.bordernewsmirror.com | Only bilingual Newspaper | 09-10-2023 ( Monday )




// PAGE -8

**पैपराजी पर फिर भड़कीं बॉलीवुड तापसी पन्नू**

तापसी अक्सर पैपराजी को तमीज सिखाती नजर आती हैं। हाल ही में तापसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

// PAGE -8

**कंगना अभिनीत "तेजस" का ट्रेलर रिलीज**

कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म "तेजस" का ट्रेलर रिलीज कर दिया। निर्माताओं ने आज वायु सेना दिवस पर ट्रेलर से पर्दा उठा दिया है

// PAGE -8

**कियारा को पैपराजी ने घेरा**

एयरपोर्ट पर पैपराजी ने कियारा को घेर लिया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा- 'मैं कैसे जाऊंगी ऐसे।' हालांकि गाड़ी में बैठकर कियारा ने पैपराजी को पोज भी दिया।



# श्रीराम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है तो हम 'सिंधु' भी वापस ला सकते हैं : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां कहा कि 500 वर्षों के बाद श्रीराम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है तो हम सिंधु भी वापस ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज को अपने इतिहास के बारे में अपनी वर्तमान पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आज राजधानी के एक होटल में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजमान होंगे।

### सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से हुआ देश का विभाजन

योगी ने कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश को विभाजन की त्रासदी से गुजरना पड़ा। देश के बंटवारे की वजह से लाखों लोगों का कत्लेआम हुआ। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में चला जाता है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे ज्यादा सहा है, उन्हें अपने मातृभूमि को छोड़ना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ रहा है।

### कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद को कभी नहीं दे सकता मान्यता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद, उग्रवाद या किसी भी प्रकार की अराजकता को कभी मान्यता नहीं दे सकता। अगर मानवता के कल्याण के मार्ग पर हमें आगे बढ़ाना है तो समाज की दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करना होगा। हमारे धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या भगवान श्रीकृष्ण, सबने मानव कल्याण के लिए सज्जन के संरक्षण और दुर्जन को समाप्त करने की बात कही है। योगी ने कहा कि देश है तो धर्म है, धर्म है तो समाज है और समाज है तो हम सभी का अस्तित्व है। हमारी प्राथमिकता इसी अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का सौभाग्य है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद भारत के अंदर अपने अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि 1947 में बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाए, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति खिलवाड़ करने वाले को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए।

### शून्य से शिखर तक की यात्रा का सिंधी समाज सबसे बड़ा उदाहरण

योगी ने कहा कि सिंधी समाज भारत के सनातन धर्म का अभिन्न हिस्सा है। सिंधी समाज ने सम-विषम परिस्थतियों में अपने पुरुषार्थ से खुद को आगे बढ़ाया है।

### मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने पद्मविभूषण पंकज आडवाणी को 'शेर ए सिंध' सम्मान से सम्मानित किया। पंकज 25 बार विश्व बिलियड्र्स एवं स्नूकर चौंपियन रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, लखानी ग्रुप के अध्यक्ष एसएन लखानी, देश में सामाजिक कार्यों के जाने माने नाम श्रीराम छबलानी, टेक महिंद्रा के भारत के प्रमुख राजेश चंद्र रमानी और वीआईपी की को-फाउंडर सोनाक्षी लखानी को सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में 10 देशों और भारत के 10 राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के इस कार्यक्रम में 10 देशों और भारत के 10 राज्यों के 225 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विवेक लधानी, महासचिव विरेन्द्र खत्री, उपाध्यक्ष विनोद पंजाबी, संस्थापक अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया सुरेश केसरवानी और सिंधी समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।



# इजराइल में फंसीं अभिनेत्री नुसरत भरुचा मुंबई पहुंचीं

मुंबई। इजराइल में फंसी अभिनेत्री नुसरत भरुचा आखिरकार मुंबई पहुंच गई हैं। नुसरत भरुचा को भारतीय दूतावास की सहायता से मुंबई लाया गया है। जानकारी के अनुसार नुसरत भरुचा हाईफा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लिए इजराइल गई थीं। इजरायल पर फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह 'हमास' के हमले के बाद नुसरत भरुचा वहां फंस गई थीं। इजरायल में फंसीं नुसरत भरुचा से आखिरी बार शनिवार दोपहर 12.30 बजे संपर्क हुआ था। नुसरत की टीम ने बताया कि नुसरत वहां एक बेसमेंट में छिपी थीं। इसके बाद टीम ने भारतीय दूतावास से मदद की मांग की थी। भारतीय दूतावास के प्रयास से नुसरत भरुचा को मुंबई लाया गया है। मुंबई एयरपोर्ट पर आने के बाद नुसरत भरुचा ने मीडिया से विस्तृत बात नहीं की, सिर्फ इतना ही कहा कि 'मैं घर आ गई हूं, मुझे घर जाने दो।' अभिनेत्री नुसरत की भारत वापसी पर उनके प्रशंकों और शुभचिंतकों ने राहत मिली है।




# उप-मुख्यमंत्री ने 203 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



बीएनएम@सहरसा

सहरसा। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के सहरसा आगमन पर राजद कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर प्रेक्षागृह में युवा राजद की सांगठनिक बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री द्वारा बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। आयुक्त कार्यालय के पीछे संप हाउस के प्रांगण में उपमुख्यमंत्री द्वारा जिला के लिए विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त द्वारा उपमुख्यमंत्री को बुके देखकर उनका स्वागत किया। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण में कहा कि उपमुख्यमंत्री बिहार को अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर जिले के लिए अपना बहुमुल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्टोन पावर ड्रेनेज स्कीम स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं से आम जनों को लाभ होगा। उपमुख्यमंत्री बिहार सरकार द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित मेयर, उपमेयर, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं आम जनों का स्वागत करते हुए कहा कि सहरसा आना मेरे लिए हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है।पिछली बार सहरसा आना हुआ था उस समय लोगों की मांग थी कि डेंगराही में पीपा पुल बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे यहां बताते हुए खुशी हो रही है कि इसे कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री द्वारा सहरसा जिले को मॉडल अस्पताल भी सौगात में मिली।मुख्यमंत्री द्वारा 500 करोड़ की लागत से बनने वाला मेडिकल कॉलेज को भी कैबिनेट से पास करवा दिया गया। बहुत जल्द कार्य भी शुरु होगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज 203 करोड़ की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन मेरे द्वारा किया जा रहा है। मेरा विशेष ध्यान कोसी पर है। हम लोग समाजवादी विचारधारा के लोग हैं। कोसी ने हमेशा से सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी है। जो भी मांग की गई उसे पूरा करने का कार्य किया है। इस मौके पर आप लोगों को बधाई एवं शुभकामना देता हूं।आज जो योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया उसमें बुडकों द्वारा निर्मित सहरसा नगर निगम योजना अंतर्गत स्ट्रोम पावर, ड्रेनेज स्कीम का लोकार्पण किया गया। इस संप हाउस से नगर निगम के 13 वार्डों के जल निकासी संभव होगा।

## NEWS IN BRIEF

### जातीय गणना,विपक्षी एकता एवं लालू जी से डर रही भाजपा : तेजस्वी प्रसाद यादव

सहरसा। युवा राजद के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों,प्रधान महासचिवों एवं सोशल मीडिया प्रभारी की संयुक्त सम्मेलन का उद्घाटन रविवार को उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर सुमन सिंह प्रदेश महासचिव नेतृत्व में तेजस्वी जी को ढाई क्विंटल सेब का विशाल माला पहनाया गया। जिसमें प्रधान महासचिव पवन शर्मा, जिला प्रवक्ता मोहम्मद असद,युवा जिलाध्यक्ष भरत यादव,चिंटू गुप्ता, विक्रम यादव, रवि पाराशर आदि ने माला पहन कर तेजस्वी का स्वागत किया।इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार से देश भर में जातीय जनगणना की मांग, कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी व नई शिक्षा नीति के विरोध में दूसरे चरण के आंदोलन की तैयारी हेतु युवा राजद का सम्मेलन किया गया। जिनकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष युवा राजद राजेश यादव के द्वारा किया गया। युवा राजद के प्रभारी की बैठक को संबोधित कर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा राजद की असली ताकत युवा राजद है। युवा राजद के साथी हर कार्य में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं।उन्होंने कहा सबसे अधिक युवाओं का प्रदेश बिहार राज्य है।

बीजेपी को सत्ता से उखाड़ने के लिए सभी विपक्षी दल एक होकर कार्य कर रहे हैं।बिहार ऐसा पहला राज्य है जहां चार लाख लोगों को नौकरी दी गई। हमारी सरकार 10 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया है।सभी विभाग में पद सृजन किया जा रहा है। टोला सेवकों व आशा कार्यकर्ता के वेतन में वृद्धि की जा रही है।आज बिहार में किस जाति की क्या स्थिति है सब पता चल गया है।सरकार सबों के विकास के लिए योजना बना रही है।

## लोजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की तीसरी पुण्यतिथि मनाई

बीएनएम@सहरसा

सहरसा। लोक जनशक्ति पार्टी, दलित सेना के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण रामविलास पासवान की तीसरी पुण्यतिथि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के आवास पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित कर जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा की रामविलास पासवान शोषितों और पीड़ितों के लिए आजीवन लड़ते रहे।यहां तक की मरने से पहले गरीबों के लिए कल्याणकारी योजना मुफ्त खाद्यान्न योजना रामविलास पासवान की ही देन है। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज है।अपने रिकार्ड को उन्होंने ही फिर तोड़ा। ऐसे विरले नेता के नहीं होने से हम लोगों को उनकी कमी खल रही है। निकट भविष्य में उनकी भरपाई नहीं हो सकती।

## एसटीईटी परीक्षा में अनुतीर्ण अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

बीएनएम@सहरसा

सहरसा। एसटीईटी परीक्षा में संगीत विषय पेपर एक में बारह प्रश्नों के उत्तर एवं पेपर दो में आठ प्रश्नों के उत्तर गलत के बाबजूद उन प्रश्नों के अंकों को नही जोड़ने के कारण अनुतीर्ण अभ्यर्थियों ने रविवार को उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं शिक्षा मंत्री प्रो.चंद्रशेखर को ज्ञापन सौंपा। उक्त जानकारी देते हुए संगीत शिक्षक सह उद्घोषक मुकेश मिलन ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा जैसे व्यस्त समय में दावा करने का समय देने से अल्प समय के कारण अधिक से अधिक अभ्यर्थियों ने दावा नही कर पाया। ऐसे में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कम अंकों के कारण उत्तीर्ण होने का रिजल्ट भी मात्र 46 प्रतिशत लोगों का आया।बांकी योग्य परंतु फेल हुए अभ्यर्थियों के भविष्य पर कुठाराघात की स्थिति बन गई है। इसलिए इस भीषण समस्या का समाधान होना जरूरी है।ज्ञापन में इस समस्या पर गंभीर विचार करते हुए शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर से दूरभाष पर बात की। उन्होंने आश्वासन देकर इस पर महत्व देते हुए काम करने की बात कही।ज्ञापन सौंपने में उत्तम कुमार,धीरेंद्र कुमार धीरज,ब्रजेश कुमार,राहुल कुमार,रौशन कुमार, उषा पंडित,टुनटुन कुमार,रत्नेश मिश्रा,सुंदर शर्मा,प्रताप कुमार,पिंकी कुमारी,प्रियंका कुमारी, नरेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों ने रिटायर फौजी को मारी गोली, परिजन पर आरोप

बीएनएम@

बेगूसराय। साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के कुरहा-मल्हीपुर सड़क में पीर बाबा स्थान के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने एक रिटायर फौजी को गोली मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया है। गोली चलने की आवाज सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे आस पास के लोगों ने घायल को पीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेगूसराय रेफर कर दिया। घायल की पहचान खरहट निवासी रिटायर फौजी महेश साह के रुप में हुई है। बताया जाता है कि चार-पांच वर्ष पूर्व जमीन विवाद में अपने भाई शंभु साह को गोली मारकर घायल करने के मामले में वह जेल गया था। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर सगे भाई एवं भतीजे ने रिटायर फौजी को गोली मारी है। हालत खतरे से बाहर है। बांह में गोली लगने के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली मारने वाले आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## जाति गणना में भेदभाव की जांच हो: सुशील मोदी



बीएनएम@पटना

पटना। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि कुछ चुनिंदा जाति धर्म के लोगों की गिनती में सरकार ने एक साजिश के तहत उपजाति-जोड़ो तो कई अन्य जातियों के लिए उपजाति-तोड़ो फार्मूला लगाया। यह भेदभाव किसके आदेश से हुआ, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार के जातीय सर्वे में कुछ जातियों को कम और कुछ खास जातियों को उनकी उपजातियों को जोड़ कर ज्यादा दिखाने जैसी कई गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। इसके निराकरण और जातियों का नया वर्गीकरण करने के लिए सरकार को हाई कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में आयोग गठित करना चाहिए। सुशील मोदी ने कहा कि सर्वे में ग्वाला, अहीर, गोरा, घासी, मेहर, सदगोप जैसी दर्जनभर यदुवंशी उप जातियों को एक जातीय कोड यादव देकर इनकी आबादी 14.26 फीसदी दिखायी गई। कुर्मी जाति की आबादी को भी घमैला, कुचैसा, अवधिया जैसी आधा दर्जन उप जातियों को जोड़ कर 2.87 फीसदी दिखाया गया। क्या यह संयोग है कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री की जाति को उप जातियों सहित गिना गया जबकि वैश्य, मल्लाह, बिंद जैसी जातियों को उपजातियों में खंडित कर इनकी आबादी इतनी कम दिखायी गई कि इन्हें अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास नहीं हो? उन्होंने कहा कि बनिया (वैश्य) जाति की आबादी मात्र 2.31 फीसदी दिखाने के लिए इसे तेली, कानू, हलवाई, चौरसिया जैसी 10 उप जातियों में तोड़ कर दिखाया गया। यदि उपजातियों को जोड़ कर एक कोड दिया गया होता तो बनिया की आबादी 9.56 प्रतिशत होती। मल्लाह जाति को 10 उप जातियों में तोड़ कर इनकी आबादी 2.60 फीसदी दर्ज की गई। उप जातियों को जोड़ने पर मल्लाह जाति की आबादी 5.16 फीसदी होती।उन्होंने कहा कि नोनिया जाति की आबादी 1.9 प्रतिशत दर्ज हुई जबकि इनकी बिंद, बेलदार उपजातियों को जोड़ कर आबादी 3.26 प्रतिशत होती है।

# डीएम ने दिया अंतर्जातीय विवाह और निःशक्त विवाह प्रोत्साहन अनुदान राशि का प्रमाण पत्र



बीएनएम@मोतिहारी।

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वधान में मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत कुल 10 लाभुकों को एक -एक लाख रुपये प्रोत्साहन राशि का प्रमाण पत्र दिया। लाभुकों में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना से संजना कुमारी, अल्का रानी, कृतिका कुमारी, कुमारी अर्पणा, निशा कुमारी एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों में सुबोध कुमार, सोनालाल कुमार, आरती शर्मा, बिन्दी कुमारी, सीमा कुमारी शामिल हैं।जिन्हें सावधि जमा की प्रोत्साहन राशि का एक–एक लाख रुपए का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा, प्रभारी जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहित अन्य अधिकारीगण व संबंधित लाभुक उपस्थित थे।

### मिशन मोदी 2024 के तहत सम्मान समारोह का आयोजन

मोतिहारी। मिशन मोदी 2024 के बैनर तले रविवार को भाजपा नेता राजा ठाकुर की अध्यक्षता में विशिष्ट नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने पूर्व सैनिकों, अवकाश प्राप्त शिक्षकों व समाज के अन्य विशिष्ट नागरिकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी विकास करते हुए बदल रहा है, जिसे महज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोग महसूस कर रहे हैं। एक तरफ भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है तो दूसरी तरफ भारत की आंतरिक सुरक्षा भी मजबूत हुई है अब देश के अंदर सीरियल ब्लास्ट नहीं होते। भारत अपने वैश्विक नीति से दुनिया के अंदर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराया है। भारत अपने आजादी के 100 वे वर्ष यानी 2047 में दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के आम आदमी की चिंता करते हुए बिना भेदभाव के देश के गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं।व्यापारियों,मछुआरों किसानों,हस्तशिल्पकार व विश्वकर्मा भाइयों,के साथ साथ महिलाओं और युवाओं का उत्थान इन योजनाओ से हो रहा है।

## NEWS IN BRIEF

### मानवता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने को लेकर निकली ढाई आखर प्रेम पदयात्रा

मोतिहारी। प्रेम,बंधुत्व,न्याय, समानता और मानवता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने को लेकर निकली ढाई आखर प्रेम पदयात्रा रविवार को कोटवा प्रखंड के ऐतिहासिक जसौली गांव पहुंची। देश भर के सांस्कृतिक और साहित्यिक संगठनों द्वारा निकाली गयी यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक पदयात्रा का बिहार पड़ाव बापू के पदचिह्न 7 अक्टूबर 2023 को पटना से शुरु हुआ। रविवार को यह यात्रा जसौली पट्टी पहुंची जहां चंपारण के विभिन्न गांवो का भ्रमण करते हुए अगामी 14 अक्टूबर 2023 को मोतिहारी स्थित गांधी स्मारक पहुंचेगी,जहां एक जन सभा का आयोजन किया जायेगा। ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक जत्था में बिहार के नाट्यकर्मी, लेखक, कवि, अभिनेता, गायक और सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यकर्ता शामिल है,जो पदयात्रा के दौरान नाटक, गीत, नृत्य और लोकप्रिय संवाद के साथ नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे। यात्रा दल में इप्टा के कार्यकारी महासचिव फिरोज अशरफ ,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश, इंद्र भूषण रमन, अमरनाथ सिंह एस एस हिमांशु, बड़ी संख्या में इप्टा के नाट्य कलाकार व ग्रामीण इस पदयात्रा में शामिल है।

### ई. संजय कुमार बने जन सुराज के जिला उपाध्यक्ष

पताही। प्रखंड क्षेत्र के परसौनी कपूर पंचायत के पूर्व मुखिया ई. संजय कुमार को जनसुराज का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान ई. संजय कुमार ने बताया कि जनसुराज के मोतिहारी में हुए बैठक में संगठन का विस्तार हुआ। जिसमें उन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा मिले जिम्मेवारी का निर्वहन सही ढंग से करेंगे तथा पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुचायेंगे।

## हथियार के साथ वीडियो वायरल, युवक गिरफ्तार

बीएनएम@ तुरकौलिया

तुरकौलिया। हथियार के साथ वीडियो वायरल करने वाला है युवक चिलराव के राकेश कुमार सहनी को पुलिस ने पड़कर रविवार को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि विगत दिनों सोशल मीडिया पर हथियार का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में हथियार को दिखाया गया था। जबसे यह वीडियो वायरल हुआ था तबसे पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। इस मामले को लेकर 4-5 दिनों से पुलिस लगातार गहन जांच पड़ताल कर रही थी। आखिरकार पुलिस को यह पता चल गया कि हथियार का फोटो वायरल करने वाला चिलराव गांव का नरेश सहनी का पुत्र राकेश कुमार सहनी है। जिसे पकड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया की गिरफ्तार युवक का पहले से अपराधिक इतिहास रहा है। युवक एक बार जेल जा चुका है।

## 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा आर्म्स का सत्यापन

बीएनएम@पताही

पताही। निर्धारित अवधि में आर्म्स का सत्यापन नहीं कराने वाले के आर्म्स लाइसेंस निलंबन करने की अनुशंसा कर दी जाएगी। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह कहा कि आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण एवं हर्ष फायरिंग पर रोक लगाने तथा विधि व्यवस्था संरक्षण हेतु गृह विभाग के निर्देश पर पताही थाना परिसर में अंचलाधिकारी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सौरव कुमार की उपस्थिति में थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के द्वारा 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक थाना परिसर में आर्म्स का सत्यापन किया जाएगा। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि थाना परिसर में तीन दिवसीय 12 अक्टूबर तक आर्म्स के सत्यापन करने का तारीख निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी आर्म्स से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि के अंदर अपना आर्म्स का सत्यापन कर ले। जो व्यक्ति समय अवधि के अंदर सत्यापन नहीं करते हैं उन लाइसेंस धारी का अनुज्ञप्ति रद्द करने का प्रस्ताव जिला को भेजा जाएगा। बाकी 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच लोगों के आर्म्स का सत्यापन होगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में आर्म्स सत्यापन की कार्य नहीं कराने वाले के आर्म्स (हथियार) के लाइसेंस निलंबन करने की अनुशंसा कर दी जाएगी।

## विवि प्रशासन ने दीक्षांत समारोह को लेकर गठित किया समिति

बीएनएम@मोतिहारी

-समारोह की सफलता को बनी 21 कमेटियां,प्रभारियो को सौंपी गई जिम्मेदारी

-19 अक्टूबर को बापू सभागार में होगा केविवि का पहला दीक्षांत समारोह

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के होने वाले पहले दीक्षांत समारोह की तैयारी जोर-शोर की जा रही है। आगामी 19 अक्टूबर को मोतिहारी के बापू सभागार में होने वाले दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिरकत करने वाली है। जिसकी सफलता को लेकर विवि प्रशासन ने 21 कमेटियां गठित की है। कुलपति संजय श्रीवास्तव के हवाले से उक्त जानकारी विवि के जनसंपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.प्रो. पवनेश कुमार ने देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता को लेकर समितियों का गठन कर उसके प्रमुख बनाये गये है,जिसमे अन्य पदाधिकारी को शामिल किया गया है,सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के प्रति सक्रिय हैं।




## लायंस क्लब ने बाइक राइडर्स का किया भव्य स्वागत




बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। ख्यातिप्राप्त बाइकर्स एवं यूट्यूब ब्लॉगर महिला के नाम से प्रसिद्ध बैंगलोर निवासी सह लायंस डिस्ट्रिक्ट 317 ए की सदस्या लायन अनिता एवं लायन स्वाति का रविवार को रक्सौल में लायंस क्लब के सदस्यो ने भव्य स्वागत किया।उल्लेखनीय है,कि दोनो महिला बाइकर्स बाइक से लगभग 2500 किलोमीटर की यात्रा तय कर रविवार को रक्सौल पहुँची है।दोनो बाइकर्स महिलाओं के उपर हो रहे मानवीय अत्याचारों,यौन हिंसा एवं प्रताड़नाओं से आहत होकर, समाज को जागृत करने के लिए गृहस्थ जीवन को त्यागकर देश- दुनिया की सोच बदलने का लक्ष्य को लेकर लगभग 6 हजार किलोमीटर की संकल्पित यात्रा निर्धारित किया है। उन्होने बताया कि हमने जागरुकता के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित जीवन यापन करने का बीड़ा उठाया है। और भारत के कई राज्यों की कठिन यात्रा तय कर रक्सौल होते नेपाल जा रही हूँ।वही क्लब के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं लायन बिमल सर्राफ ने बताया कि बैंगलोर की वीरांगना यूट्यूब ब्लॉगर, महिला बाइकर्स ने महिलाओं को स्वयं सुरक्षित करने के हेतु सकारात्मक सोच के साथ जागृत करने के लिए कठिन यात्रा की बाधाओं को पार कर रक्सौल में पहुँचने पर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान एसएभी स्कूल में अध्यनरत सैकड़ों बच्चियों, शिक्षकों व शिक्षिकाओं तथा लायंस सदस्यों ने संबोधित कर महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने जागरुक किया। मौके पर लायन क्लब सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा,कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निज़ामुद्दीन,लायन साइमन रेक्स, लायन नीतीश कुमार,लायन नारायण रुंगटा के साथ साथ एसएभी स्कूल के प्रबंधक अशोक सिंह,अरविंद सिंह एवं शिक्षक विक्टर डेका, मंदीप कुमार, एस.पी. यादव, रामभरोस कुमार, अभिमन्यु कुमार, बिनोद सिंह तथा शिक्षिका सलोनी कुमारी, अदिति सर्राफ, वीणा सिंह सहित बड़ी स्कूली बच्चियों उपस्थित रही।

## हमास के इजरायल पर हमले के मायने

इजरायल की सुरक्षा एजेंसियां गच्चा क्यों खा गयीं ? गाजा स्थित हमास आतंकवादियों ने अकस्मात इजरायल के दक्षिण में गाजा पट्टी के साथ लगी बस्तियों पर जमीनी हमले और तेल अवीव तथा यरुशलम की यहूदी बस्तियों पर एक साथ दो हजार राकेट दाग कर एक 'निर्णायक' युद्ध की दावत दे दी है। शनिवार तड़के जैसे ही इजरायली नींद से उठे, उन्हें अपने इर्द-गिर्द के शहरों और बस्तियों और खास कर देश के दक्षिणी हिस्से की क़रीब एक दर्जन उपनगरों से आ रही मातमी खबरों ने उद्वेलित कर दिया। इस हमले पर इजरायल के कुशल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने त्वरित कार्रवाई में हमास आतंकवादियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ये ही नेतान्याहू एक सप्ताह पूर्व अमेरिकी प्रस्ताव पर सऊदी अरब और इजरायल एक टेबल पर आने, मध्य पूर्व एशिया में शांति स्थापना के लिए गाजा में हमास आतंकवादियों को कुछेक रियायतें दिलवाने की कोशिश में जुटे थे। सऊदी अरब ने भी हाथ बढ़ा दिया था। फिर हमास आतंकवादियों ने हमला क्यों किया? क्या इस प्रस्ताव पर ईरान को गुरेज था? इजरायल की मिली-जुली सरकार में दो दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से खबरें आ रही हैं कि हमास 18 वर्ष पूर्व कूटनीतिक दबाव से बच गया, वह गाजा पट्टी पर बेताज बादशाह भी बन गया, लेकिन इस बार इजरायली सेना उसकी हसरत मिटा कर रख देगी? यह एक बड़ी और चुनौतीपूर्ण धमकी है। हमास आतंकवादियों की प्रारंभिक सफलता पर पड़ोसी देश लेबनान में हेजबुल्ला की ओर से मिठाइयां बंटीं तो ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सौलास आतिशबाजी की। अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के कथन को सही माने तो हमास आतंकवादियों में इतना दम नहीं है, वह उसकी सैन्य मदद के बिना इजरायल के दरवाजे पर बंदूक रख सके। हां, कुवैत ने धर्म निभाया। उसने उलटे इजरायल की निंदा कर दी। मुमकिन है, मध्य पूर्व एशिया के कुछ और देश लामबंदी के लिए आगे आएं। यूं इजरायल के पड़ोसी देश जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डा है।

## ईरानी जेल में रहते नोबेल जीती मानवाधिकार योद्धा नरगिस

के. विक्रम राव




नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस सफी-मोहम्मदी ने साबित कर दिया कि आत्मा अजर है। दो दशकों से वे तेहरान जेल में कैद हैं। उस पर 150 कोड़े भी पड़े थे। तन्हा कोठरी की यातना के अलावा, अपने दोनों जुड़वां बच्चों को इस मां ने आठ बरसों से देखा नहीं। पिता के साथ पेरिस में शरणार्थी हैं। नरगिस की खमभरी उलझी लटें, लालित्यपूर्ण चेहरा, गंभीर, गहरी झील सी आंखें उसकी निडरता का प्रतीक हैं। वर्ना बलात्कार, हत्या, शारीरिक यंत्रणा के लिए बदनाम ईरानी कैदखाने में तो अ-भौतिक अंश भी बिखर जाता है। अंगों के साथ। नरगिस का सत्ता से विरोध क्यों है ? उसकी मांग थी कि इस्लामी हुकूमत में स्त्री सुलभ गरिमा और मर्यादा से वंचित न किया जाए। हिजाब न थोपा जाए, न बुर्का भी। महसी अमीना की हत्या (16 सितंबर 2022) पर नरगिस ने जेल के पीछे रहकर आंदोलन चला

*Today's* **Opinion**

मांग रही - ' जिंदगी-आजादी।, नरगिस का संघर्ष इन्हीं की दास्तां है। वैचारिक प्रतिबद्धता भी। नरगिस आजकल राज्य-विरोधी अवमानना के आरोप में कैद हैं। पति मोहम्मदी और उनका परिवार तकरीबन ईरानी क्रांति के दौर से ही राजनीतिक प्रदर्शनों में शामिल होता रहा है। ईरान में राजतंत्र 1979 के अंत में खत्म हुआ। उसके साथ ही ईरान इस्लामिक गणतंत्र बना। नरगिस ने इसी साल 'न्यूयॉर्क टाइम्स, को बताया था कि उनके बचपन की दो यादों ने उन्हें एक्टिविज्म के रास्ते की ओर मोड़ दिया। इसमें उनकी मां का उनके भाई को देखने के लिए जेल का दौरा। इसके साथ ही फांसी पर प्रतिदिन कैदियों के चढ़ाने की घोषणाएं सुनने के लिए उनका घड़ी देखना। नरगिस तब न्यूक्लियर फिजिक्स की पढ़ाई कर रहीं थीं। काजिवन शहर में उसके भावी साथी ताघी रहमानी से मुलाकात हुई। वे भी खुद राजनीतिक तौर पर सक्रिय हैं। ईरान में उन्हें भी 14 साल की जेल हुई थी। वह फ्रांस में अपने दो बच्चों के साथ निर्वासित जीवन जी रहे हैं। नरगिस अपनी साहसी युवतियों की श्लाघा करती हैं। इन जुझारु लड़कियों और महिलाओं ने स्वतंत्रता और समानता के लिए अपनी बहादुरी से पूरी दुनिया को आकर्षित लिया। नरगिस हमेशा कहती हैं , 'जीत आसान नहीं है, लेकिन यह निश्चित तो है।, अपनी किशोरावस्था में नरगिस ईरानी महिलाओं के अधिकारों, मृत्युदंड के खात्मे और राजनीतिक कैदियों को कड़ी सजाओं के खिलाफ अखबारों में लिखती रहीं। पति के तेहरान स्थित कार्यस्थल से ही वह लाइव वीडियो प्रसारण करती थीं। इंजीनियर थीं। वह दो दशकों से ईरान में सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स में शामिल थीं, जो मृत्युदंड को खत्म करने के लिए ईरानी वकील शिरीन इबदी द्वारा स्थापित किया गया था। इबदी को 2003 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। नरगिस को पहली बार 2011 में गिरफ्तार किया गया। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स, की रपट के मुताबिक: 'न्यायपालिका नरगिस को पांच बार सजा दे चुकी है। इस साल उनके खिलाफ तीन और न्यायिक मामले खोले गए जो अतिरिक्त सजा का कारण बन सकते हैं। नरगिस जेल में भी दूसरे कैदियों के साथ प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। उनकी किताब 'ह्वाइट टार्चर' 2002 उस समय प्रकाशित हुई जब दिल की सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए घर पर थीं। नरगिस की व्यथा कथा पढ़कर, सुनकर यकीन हो जाता है कि इस्लामी ईरान आज भी सोलहवीं सदी में जी रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## भारत में पहली बार 1854 में जारी हुआ डाक टिकट




**योगेश कुमार गोयल**

विश्वभर में प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को 'विश्व डाक दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में डाक के महत्व को दर्शाना तथा इसकी उपयोगिता साबित करना है। 09 अक्टूबर 1874 को स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' का गठन किया गया था। 01 जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना, जो इसकी सदस्यता लेने वाला पहला एशियाई देश था। 1874 में गठित हुई 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की याद में जापान के टोक्यो में 09 अक्टूबर 1969 को आयोजित विश्व डाक संघ के सम्मेलन में इसी दिन 'विश्व डाक दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई और तभी से प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को ही अंतरराष्ट्रीय डाक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पादों के बारे में जानकारी देना, उन्हें जागरुक करना और डाकघरों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। भारत में पहली बार सन 1766 में ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड क्लाइव द्वारा डाक व्यवस्था की शुरुआत की गई थी, जिसका विकास करते हुए 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने पहला डाकघर कोलकाता में स्थापित किया था। उसके बाद 1786 में चेन्नई और 1793 में मुम्बई में जनरल डाकघर स्थापित किए गए। जहां तक डाक टिकटों की शुरुआत की बात है तो देश में डाक टिकटों की शुरुआत ब्रिटिश शासनकाल में ही वर्ष 1852 में हुई थी लेकिन उस समय जारी किए गए टिकट केवल सिंध प्रांत में ही चल सकते थे। हालांकि विश्व में डाक टिकटों का इतिहास करीब 183 वर्ष पुराना है। डाक टिकटों की शुरुआत कब, क्यों और कैसे हुई, इसका भी दिलचस्प इतिहास है। डाक टिकटों की विधिवत शुरुआत 06 मई 1840 को हुई थी, जब एक पैनी मूल्य का विश्व का पहला डाक टिकट जारी किया गया था, जिसे 'ब्लैक पैनी' के नाम से जाना गया क्योंकि यह डाक टिकट काली स्याही से छापा गया था। इस डाक टिकट के अस्तित्व में आने से पूर्व डाक टिकटों के स्थान पर 'ठप्पा टिकटों' का प्रयोग होता था, जो आयताकार, गोलाकार, त्रिकोणाकार अथवा अंडाकार होते थे और इन ठप्पों पर 'पोस्ट पेड' अथवा 'पोस्ट नोन पेड' इत्यादि लिखा होता था। प्राचीन काल में डाक सेवा का उपयोग राजा-महाराजा अथवा शाही घरानों के लोग ही करते थे और उस वक्त पत्रों अथवा संदेशों को लाने-ले जाने का काम उनके विशेष संदेशवाहक या दूत अथवा कबूतर या अन्य पशु-पक्षी करते थे, जिन्हें बाकायदा इस काम के प्रशिक्षित किया जाता था लेकिन बाद में जब आम लोगों को भी इसकी जरुरत महसूस होने लगी तो तय किया गया कि पत्रों की आवाजाही के शुल्क का भुगतान या तो पत्र प्रेषक करेगा अथवा प्राप्तकर्ता से शुल्क लिया जाएगा लेकिन अकसर होने यह लगा कि प्रेषक पत्रों को अग्रिम भुगतान किए बिना ही भेज देता और प्राप्तकर्ता उसे लेने के बजाय वापस लौटा देता और तब प्रेषक भी शुल्क के भुगतान से बचने के लिए उसे लेने से इनकार कर देता। इससे सरकार को अनावश्यक आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती थी। सरकार को डाक व्यवस्था की खामियों की वजह से लगातार हो रहे आर्थिक नुकसान के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार को प्रसिद्ध आर्थिक सलाहकार रोलेण्ड हिल ने सलाह दी कि वह डाक व्यवस्था में मौजूद दोषों अथवा खामियों को दूर करने के लिए इसमें कुछ अनिवार्य संशोधन करे और डाक शुल्क के अग्रिम भुगतान के रूप में डाक टिकट तथा शुल्क अंकित लिफाफे जारी करे ताकि इनके जरिये अग्रिम डाक शुल्क प्राप्त हो जाने पर सरकार को घाटा न झेलना पड़े। अंततः ब्रिटिश सरकार ने काफी जद्दोजहद के बाद उनका सुझाव स्वीकार कर लिया और तब तक चले आ रहे ठप्पा टिकटों के बजाय डाक टिकट जारी करने का फैसला कर लिया गया। इस प्रकार 10 जनवरी 1840 को डाक टिकट का आविष्कार हो गया, जो एक पैनी मूल्य का था लेकिन इसको विधिवत 06 मई 1840 को ही जारी किया गया। इस तरह यह विश्व का पहला डाक टिकट बन गया।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 फूड्स



आजकल हर उम्र के लोगों में आंखों की समस्या हो रही है। ज्यादा समय टीवी, मोबाइल, लैपटॉप स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे आंखें बुरी तरह प्रभावित होती हैं। इससे आंखों से संबंधित कई समस्याएं होती हैं, जैसें- आंखों में जलन, आंखों से पानी आना आदि। अगर आप लगातार 8-10 घंटे स्क्रीन पर काम करते हैं, तो आंखों की रोशनी कमजोर हो सकती है, लेकिन खानपान में आप कुछ चीजों को शामिल कर आंखों की रोशनी को बरकरार रख सकते हैं। आइए जानते हैं, आंखों की रोशनी के लिए डाइट में आप किन चीजों को शामिल कर सकते हैं।

### 1.आंवला है काफी फायदेमंद

आंखों के लिए आंवला वरदाना माना जाता है। इसमें विटामिन-सी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो आंखों को स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। आप आंखों की सेहत के लिए डाइट में आंवला शामिल कर सकते हैं। चाहें तो आप आंवले का जूस पी सकते हैं या इसका मुरब्बा भी खा सकते हैं।

### 2.बादाम खाएं

बादाम में विटामिन-ई और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसके लिए आप भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं। रात में बादाम को भिगो दें, सुबह इसे छील कर खा सकते हैं।

### 3.गाजर खाएं

गाजर आंखों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद बीटा-कैरोटीन आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है।

### 4.मछली खाएं

मछली का सेवन आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आंखों के लिए काफी फायदेमंद होता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आप सालमन फिश खा सकते हैं। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है। एक्सपर्ट के अनुसार, आपको हफ्ते में दो बार मछली का सेवन करना चाहिए।

### 5.हरी सब्जियों का सेवन करें

आंखों की रोशनी बरकरार रखना चाहते हैं, तो डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल कर सकते हैं। ये आयरन और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो आंखों के लिए बहुत ही जरूरी हैं।



# चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए लगाएं नारियल के दूध के 3 फेस पैक

नारियल पानी के फायदे के बारे में, तो आपने कई बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं कि नारियल का दूध भी स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं। नारियल का दूध नैचुरल होने के साथ चेहरे की कई कई परेशानियों को आसानी से दूर करता हैं।

कई लोग स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कई बार ये चीजें स्किन को सूट नहीं करती। वहीं नारियल के दूध नैचुरल होने के कारण हर किसी स्किन टाइप पर सूट हो जाता हैं। नारियल के दूध के फेस पैक स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ चेहरे की रंगत को भी निखारता है। ये फेस पैक घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं।

### 1. नारियल का दूध और टमाटर का फेस पैक

सामग्री

1 टमाटर रस

2 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका

नारियल का दूध और टमाटर का फेस पैक बनाने के लिए टमाटर को मिक्सी में पीस लें। अब इसमें नारियल का दूध मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को फेस पर 15 से 20 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें। ये पैक स्किन की रंगत को निखारने के साथ टैनिंग को हटाने में भी मदद करता है।

### 2.बादाम और नारियल का दूध फेस पैक

सामग्री


5 बादाम

1 चम्मच शहद

2 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका

बादाम और नारियल का दूध फेस पैक बनाने के लिए बादाम को रातभर के लिए भिगो दें और इनका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट में शहद और नारियल दूध को मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर 10 से 15 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश करें। ये फेस पैक चेहरे को ग्लोइंग बनाने के साथ दाग-धब्बों को भी कम करने में मदद करता हैं।



### 3. ओट्स और नारियल के दूध का फेस पैक

सामग्री

1 चम्मच ओट्स

2 से 3 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका

ओट्स और नारियल के दूध का फेस पैक बनाने के लिए ओट्स का पाउडर बना लें। अब इस पाउडर में नारियल का दूध मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर 5 से 10 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ये पैक स्किन की अंदरूनी सफाई करके स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद करेगा। ये सभी पैक स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लेकिन ध्यान रखें इनको लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें। अगर स्किन पर कोई ट्रीटमेंट कराया है, तो अपने ब्यूटी एक्सपर्ट से सलाह करने के बाद ही इस पैक का इस्तेमाल करें।


# पेट दर्द से लेकर माइग्रेन के दर्द तक, ये हैं हींग के कमाल

भारतीय खानों में हींग का उपयोग खूब किया जाता है। इसका स्वाद ज़रा तेज़ ज़रूर होता है, लेकिन इसके फायदे अनगिनत हैं। खाने में इसे मिलाने से पाचन आसान होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग पाचन दुरुस्त करने के अलावा भी कई काम करता है। यह पेट में गैस से लेकर गंभीर माइग्रेन और यहां तक कि कीड़े के काटने का भी इलाज कर देता है।

### बच्चों में गैस की समस्या का समाधान करता है

शिशुओं में गैस की समस्या को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय और कोई नहीं है। इस जांचे और परखे उपाय को सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए एक से दो चम्मच गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग डालें और फिर बच्चे की नाभी के आसपास उंगलियों की मदद से लगाएं। इससे छोटे बच्चों में गैस की समस्या तुरंत ठीक हो जाती है।

### सांस से जुड़ी तकलीफों के इलाज के लिए



हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण होते हैं। इसलिए इसका उपयोग अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस, सूखी खांसी और ज़ुकाम को ठीक करने के लिए किया जा सकता है। तुरंत आराम पाने के लिए आधा चमच हींग पाउडर और सोंठ में दो चम्मच शहद मिला लें। दो से तीन दिन तक इस मिक्सचर को खाएं, तो आपको सांस की तकलीफों से जल्द आराम मिल जाएगा।

### दांत दर्द में तुरंत आराम

जिस दांत में दर्द है, वहां और आसपास के मसूड़ों पर चुटकी भर हींग लगा लें। दर्द में राहत पाने के लिए दिन में इस उपाय को 2 से 3 बार करें।

### कान दर्द में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में ठंड लग जाने से कान में दर्द कई बार हो जाता है। ऐसे में इयर ड्रोप्स के अलावा आप घरेलू उपचार पर कर सकते हैं। हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण पाए जाते हैं, जो कान के दर्द में आराम देने का काम करते हैं। इसके लिए एक बर्तन में दो चम्मच नारियल के तेल में चुटकी भर हींग डालकर हल्की आंच पर गर्म कर लें। जब ये गुनगना हो तब इसकी कुछ बूंदें अपने कान में डालें। इससे आपको तुरंत राहत मिल सकती है।

### सिर दर्द में आराम

सिर दर्द जब परेशान कर रहा हो, तो आप हींग आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए हल्की आंच पर पैन रखें और उसमें एक से दो कप पानी गर्म कर लें। अब इसमें चुटकी भर हींग डालें और 10-15 मिनट के लिए गर्म होने दें। जब पानी की मात्रा थोड़ी कम हो जाए, तो गैस को बंद कर दें।

तेज़ सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दिनभर इस पानी को पिएं। इसके अलावा आप हींग में गुलाब जल मिलाकर इसका पेस्ट भी तैयार कर सकते हैं और फिर इसे माथे पर लगा सकते हैं। इससे भी आराम मिलता है।



### कीड़े या सांप के काटने पर

हींग सिर्फ खाने में ही हेल्दी नहीं होती, बल्कि कीड़ों या फिर सांप के काटने का भी इलाज कर सकती है। दादी मां के निस्खों के अनुसार, हींग के पाउडर में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को ज़ख़म पर लगा लें और सूखने दें। जब सूख जाए, तो निकाल दें।

# BNM BUSINESS

Monday 09-10-2023









## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में सुस्ती

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में शुक्रवार को भी सुस्ती का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 4 मामूली बढ़त के साथ और 6 गिरावट के साथ कारोबार करती नजर आ रही हैं। इन 24 घंटों के दौरान टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 2 क्रिप्टो करेंसी में ही 1 प्रतिशत की गई है।

## लेबल वाले श्रीअन्न आटा और मोलेसेज पर लगेगा पांच फीसदी जीएसटी: वित्त मंत्री

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने लेबल वाले मोटे अनाज के पैक आटे (श्रीअन्न) पर 5 फीसदी जीएसटी और मोलेसेज (गुड़/शीरा/खांड़/राब) पर जीएसटी की मौजूदा दर को 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया है। निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि मोलेसेज पर जीएसटी की दर 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उमीद है कि इससे गन्ना किसानों को फायदा होगा और उनका बकाया तेजी से चुकाया जा सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक में लेबल वाले मोटे अनाज (श्रीअन्न) के आटे पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, ऐसा आटा जिसमें मिलेट्स की मात्रा 70 फीसदी या उससे अधिक हो और उसे खुले में बेचा जाता है तो उस पर शून्य फीसदी जीएसटी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि परिषद ने शीरा पर जीएसटी घटाकर पांच फीसदी करने और मानव उपभोग के लिए बनी शराब को लेवी से छूट देने का भी फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि 52वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा तय करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके तहत जीएसटीएटी अध्यक्ष की अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु 67 वर्ष होगी। इससे पहले यह सीमा क्रमश: 67 वर्ष और 65 वर्ष थी। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# लेबल वाले श्रीअन्न आटा और मोलेसेज पर लगेगा पांच फीसदी जीएसटी: सीतारमण




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने लेबल वाले मोटे अनाज के पैक आटे (श्रीअन्न) पर 5 फीसदी जीएसटी और मोलेसेज (गुड़/शीरा/खांड़/राब) पर जीएसटी की मौजूदा दर को 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया है। निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि मोलेसेज पर जीएसटी की दर को 28 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उमीद है कि इससे गन्ना किसानों को फायदा होगा और उनका बकाया तेजी से चुकाया जा सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक में लेबल वाले मोटे अनाज (श्रीअन्न) के आटे पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, ऐसा आटा जिसमें मिलेट्स की मात्रा 70 फीसदी या उससे अधिक हो और उसे खुले में बेचा जाता है तो उस पर शून्य फीसदी जीएसटी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आटे को पैक करके उस पर लेबल लगाकर बेचने पर जीएसटी लागू होगा। उन्होंने बताया कि परिषद ने शीरा पर जीएसटी की दर को घटाकर पांच फीसदी करने और मानव उपभोग के लिए बनी शराब को लेवी से छूट देने का भी फैसला किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने शीरे पर जीएसटी दर 28 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में मानव उपभोग के लिए अल्कोहल पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को सौंप दिया है। ऐसे में मानव उपभोग वाले अतिरिक्त तटस्थ अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से छूट दी जाएगी, जबकि औद्योगिक प्रयोग के लिए इस्तेमाल होने वाले ईएनए पर 18 फीसदी दर से जीएसटी लगाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कॉरपोरेट जगत द्वारा अपनी सहायक कंपनियों को दी गई गारंटी पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। हालांकि, निदेशक के कंपनी को व्यक्तिगत गारंटी देने पर कोई कर नहीं लगेगा। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि जब कोई निदेशक किसी कंपनी को कॉरपोरेट गारंटी देगा, तो सेवा का मूल्य शून्य माना जाएगा। इसलिए उस पर कोई जीएसटी लागू नहीं होगा। लेकिन, जब कोई कंपनी अपनी सहायक इकाई को कॉरपोरेट गारंटी देगी, तो यह माना जाएगा कि सेवा का मूल्य कॉरपोरेट गारंटी का एक फीसदी है, इसलिए कुल राशि के एक फीसदी पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। निर्मला सीतारमण ने बताया कि 52वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा तय करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके तहत जीएसटीएटी अध्यक्ष की अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु 67 वर्ष होगी। इससे पहले यह सीमा क्रमश: 67 वर्ष और 65 वर्ष थी। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।






## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, निवेशकों ने कमाए 2 लाख करोड़

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बिकवालों ने दबाव बनाने की भी कोशिश की। लेकिन इसी बीच रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति का रेपो रेट की दरों को मौजूदा स्तर पर ही बरकरार रखने का फैसला आ गया। इस फैसले से बाजार की तेजी को और सपोर्ट मिला, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे। आज पूरे दिन के कारोबार के दौरान टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आज आईटी, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और बैंकिंग इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद रियल्टी इंडेक्स 3 प्रतिशत की छलांग लगाकर बंद हुआ, वहीं एफएमसीजी, आईटी, ऑटोमोबाइल, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स 0.40 प्रतिशत से लेकर 1 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 319.84 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 317.84 लाख करोड़ रुपये था।

## ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो पर शुरु से ही 28 फीसदी जीएसटी लागू: राजस्व सचिव

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने आज दोहराया कि ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर शुरु से ही 28 फीसदी जीएसटी लागू है। दरअसल, दिल्ली और गोवा जैसे राज्यों ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो पर पिछली तारीख से कर की मांग का मुद्दा उठाया है। संजय मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कुछ सदस्यों ने पिछली तारीख से कराधान का मुद्दा उठाया। उन्हें बताया गया कि यह पिछली तारीख से नहीं लागू है बल्कि यह पहले से ही कानून में था। ये देनदारियां पहले से मौजूद थीं, क्योंकि ये ऑनलाइन गेम दांव लगाकर खेले जाते थे। उन्होंने कहा कि दांव या जुए के चलते इन पर पहले से ही 28 फीसदी जीएसटी लग रहा था। जीएसटी परिषद की बैठक में दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को पिछले छह साल के लिए 28 फीसदी की उच्च दर पर कर नोटिस भेजे जा रहे हैं जबकि 28 फीसदी जीएसटी एक अक्टूबर को ही लागू किया जाना था। आतिशी ने कहा कि एक उद्योग, जिसका राजस्व 23 हजार करोड़ रुपये है, आप 1.5 लाख करोड़ रुपये का कर नोटिस दे रहे हैं, यह तो उद्योग को खत्म करना है। यह भारतीय स्टार्टअप परिवेश में असुरक्षित निवेश माहौल को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री और जीएसटी परिषद के सदस्य टी. एस. सिंह देव ने कहा कि इन कंपनियों पर पिछली तारीख से लगने वाले शुल्क (कर मांग नोटिस) पर बैठक के दौरान चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चूंकि डीजीजीआई एक स्वतंत्र संस्था है, इसलिए इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। देव के मुताबिक (जीएसटी परिषद की) चेयरपर्सन ने कहा कि यदि जरुरत हुई, तो वह डीजीजीआई को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएंगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक संपन्न हुई। जीएसटी परिषद ने बैठक में कई अहम फैसले लिये हैं।

## दिल्ली में शुरु हुई जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक शुरु हो गई है। बैठक में सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने भाग लिया है। यह बैठक नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में चल रही है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 52वीं बैठक चल रही है। इसमें केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में ईवी बैटरी, बीमा कंपनियों और मिलेट्स पर लगने वाले जीएसटी की दरों पर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। जीएसटी परिषद की फिटमेंट कमेटी ने मिलेट्स पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की है।

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
BNM
खेल मिरर
Monday 09-10-2023
BORDER NEWS MIRROR
Border's most vibrant Newspaper


# दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रन से हराया

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के चौथे मैच में शनिवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका को 102 रन से हराया। इसे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डी कॉक (100), राशी वेन डर डुसेन (108) और एडन मार्करम (106) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 44.5 ओवर में 326 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस मैच में 74 चौके और 31 छक्के लगे। 429 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में 1 रन के कुल स्कोर पर पाथुम निशांका को मार्को जेनसेन ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद कुसल मेंडिस ने मोर्चा संभाला और विकेट के चारों तरफ शॉट लगाए, उन्होंने केवल 25 गेंदों पर 6 छक्के और 3 चौके की बदौलत अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। 8वें ओवर में 67 के कुल स्कोर पर कुसल परेरा को मार्को जेनसेन ने बोल्ड कर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। 13वें ओवर में कागिसो रबाडा ने श्रीलंका को बड़ा झटका दिया। रबाडा ने 109 के कुल स्कोर पर कुसल मेंडिस को क्लासेन के हाथों कैच कराकर श्रीलंका को तीसरा झटका दिया। मेंडिस ने 42 गेंदों में 4 चौके और 8 छक्के की बदौलत 76 रनों की शानदार पारी खेली। 14वें ओवर में 111 के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्ज़ी ने सदीरा समरविक्रमा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। इसके बाद धनंजय डीसिल्वा और चारिथ असालंका ने पांचवें विकेट के लिए 41 गेंदों पर 39 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को 150 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर केशव महाराज ने डीसिल्वा को आउट कर श्रीलंका को पांचवां झटका दिया। डीसिल्वा ने 14 गेंदो पर 11 रन बनाए।








## न्यूज़ीलैण्ड में हॉकी में कमाल दिखायेगी झांसी के मजदूर की बेटी रितिका

झांसी। सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज, सीपरी बाजार की पूर्व छात्रा रितिका अहिरवार जो कि वर्तमान में मध्य प्रदेश महिला हॉकी एकाडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, का चयन सब जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। रितिका अहिरवार पुत्री धनप्रसाद जो कि न्यूज़ीलैण्ड में आयोजित अन्तर–राष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2023 तक न्यूज़ीलैण्ड में आयोजित की जा रही है। भारतीय टीम में चयनित रितिका पूर्व में सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज, सीपरी बाजार, झांसी की छात्रा रही है। कॉलेज की क्रीड़ा शिक्षिका सुनीता तिवारी ने रितिका को बचपन से ही हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया और 'हीरोज क्रीड़ास्थल' "पद्म भूषण मेजर ध्यानचन्द समाधि स्थल पर प्रशिक्षण दिया। सुनीता तिवारी की मेहनत रितिका को प्रशिक्षित करने में रंग लायी और रितिका का चयन मध्य प्रदेश हॉकी एकेडमी, ग्वालियर में हो गया। रितिका ने मध्य प्रदेश हॉकी एकेडमी में जाकर कठिन परिश्रम किया और चीफ कोच परमजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया।

## धर्मशाला में बांग्लादेश की अफगानिस्तान पर छह विकेट से आसान जीत

बीएनएम@धर्मशाला

धर्मशाला। आईसीसी वनडे वल्र्ड कप के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराकर विश्व कप के सफर का आगाज जीत से किया है। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के छोटे स्कोर का पीछा करते हुए छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश के आ◌ॅलरांउड प्रदर्शन से अफगानिस्तान को हार का मुंह देखना पड़ा है। धर्मशाला में खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया जो बिल्कुल स्टीक बैठा। बांग्लादेश की शानदार फिरकी के आगे अफगानिस्तान के बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए और पूरी टीम महज 37.2 ओवर में 156 रनों के स्कोर पर आ◌ॅलआउट हो गई। वहीं छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने इसे चार विकेट खोकर 34वें ओवर ही पूरा कर लिया। हालांकि बांग्लादेश की ओपनिंग अच्छी नही रही और दोनों ओपनर जल्दी आउट होकर पैवेलियन लौट गए लेकिन बाद में बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन और नजीम उल होसैन शांतो ने अर्ध शतक जड़कर इस जीत को और भी आसान बना दिया। शांतो ने नाबाद 59 रन बनाए। ओपनर ताजिंद हसन ने महज पांच रन बनाकर रन आउट हो गए जबकि लिटन दास ने 13 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा बांग्लादेश की ओर से कप्तान शाकिब अल हसन ने 14 रन बनाए जबकि मुशफिकर रहमान ने नाबाद दो रनों का योगदान दिया। उधर इससे पूर्व अफगानिस्तान की टीम के बल्लेबाजी पूरी तरह से बिखरी हुई नर आई। अफगानिस्तान की पारी की शुरूआत अच्छी हुई लेकिन बाद में सभी बल्लेबाज बांग्लादेश की स्पिन के आगे घुटने टेकते नजर आए। अफगानिस्तान की ओर से ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने स्र्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। वहीं दूसरे ओपनर इब्राहिम जादरान ने 22, अजमतुल्लाह ने 22, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और रहमत शाह ने 18-18, नजीबुल्लाह जादरान ने पांच, मोहम्मद नबी ने छह, राशिद खान ने नौ मुजीब रहमान ने महज एक रन बनाया।




## प्रवीण ओजस, अभिषेक वर्मा ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण और रजत पदक जीता

हांगझू। प्रवीण ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। प्रवीण ने अभिषेक को 149-147 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इन पदकों के साथ, भारत के पास तीरंजादी में अब कुल 9 पदक हो गए हैं, जिनमें कंपाउंड तीरंदाजी में 6 स्वर्ण शामिल हैं। यह कंपाउंड तीरंदाज़ी स्पर्धा में भारत द्वारा दर्ज किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शनिवार को तीरंदाजी और अन्य स्पर्धाओं में पदकों के साथ, भारत ने इस एशियाड में 100 पदक हासिल करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। हांगझू खेलों में भारत की पदक संख्या वर्तमान में 100 है, जिसमें 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने आधिकारिक हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, "कंपाउंड तीरंदाज प्रवीण ओजस देवतले (खेलो इंडिया एथलीट) और अभिषेक ने एशियाई खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह भारत के लिए 8वां और 9वां पदक है और कंपाउंड तीरंदाजी में छठा स्वर्ण पदक, जो एशियाई खेलों में अब तक की सर्वोच्च पदक संख्या है।"


# एशियाई खेल के पदक विजेता कार्तिक और गत चैंपियन संजीवनी दिल्ली हाफ मैराथन में करेंगे भारतीय चुनौती का नेतृत्व

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। एशियाई खेल 2023 में 10,000 मीटर रेस के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार और गत चैंपियन संजीवनी जाधव विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस -वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण में पुरुष और महिला वर्ग में भारतीय इलीट एथलीटों की अगुवाई करेंगे। यह इवेंट रविवार, 15 अक्टूबर 2023 को भारत की राजधानी में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 10,000 मीटर के बेहद सफल धावकों में से एक कार्तिक कुमार ने पिछले साल वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय (1:04:00) का रिकॉर्ड बनाया था। वह टीसीएस वर्ल्ड 10के 2022 (बेंगलुरु) में 30:06 मिनट के समय के साथ उपविजेता भी रहे थे। कार्तिक 1998 में गुलाब चंद के बाद एशियाई खेलों में 10,000 मीटर स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। कार्तिक के हमवतन गुलवीर सिंह ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। एक बार फिर दिल्ली में दौड़ने को लेकर कार्तिक ने कहा, "वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का हिस्सा बनना हमेशा रोमांचक होता है। माहौल बिल्कुल शानदार रहता है और मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर लाता है। एशियाई खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद मैं दिल्ली में अच्छे प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं इस साल दिल्ली में जीतने में सफल होऊंगा।" कार्तिक को हालांकि ढाका हाफ मैराथन 2023 के विजेता अभिषेक पाल, टाटा मुंबई मैराथन 2023 हाफ मैराथन के चैंपियन मुरली कुमार गावित और राष्ट्रीय मैराथन चैंपियन श्रीनु बुगाथा से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ सकता है। अनुभवी मैराथन धावक कालिदास हिरावे और दुर्गा बहादुर भी भारतीय इलीट पुरुष वर्ग में पोडियम पर जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए नजर आएंगे। इस बीच, मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव भारतीय इलीट महिला वर्ग की अगुवाई करेंगी। उन्होंने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पिछले संस्करण में 77:53 मिनट का समय दर्ज किया था और इसके हबाद टीएसके 25के 2022 रेस भी जीता था।



# BNM Fantasy



## कियारा को पैपराजी ने घेरा

कियारा आडवाणी और शाहिद कपूर को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। कियारा ने व्हाइट टॉप और ब्लू जींस पहनी हुई थी। उन्होंने पिंक जैकेट के साथ अपने लुक को कम्पलीट किया। खुले बाल और मिनमल मेकअप में वे काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं। एयरपोर्ट पर पैपराजी ने कियारा को घेर लिया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा- 'मैं कैसे जाऊंगी ऐसे।' हालांकि गाड़ी में बैठकर कियारा ने पैपराजी को पोज भी दिया। शाहिद कपूर को भी आज मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्टर ऑफ व्हाइट वी-नेक टी-शर्ट और पैंट में नजर आए। गले में चेन पहनकर और ओवर साइज्ड ग्लासेस लगाकर वे कूल लुक में दिखे। पैपराजी ने उन्हें 'हैदर' कहकर बुलाया।

## क

*कंगना रनौत अभिनीत "तेजस" का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज*

कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म "तेजस" का ट्रेलर को आज आख़िरकार रिलीज कर दिया। निर्माताओं ने आज वायु सेना दिवस पर ट्रेलर से पर्दा उठा दिया है, जिसमें कंगना रनौत को प्रखर, जोश से भरे और शक्तिशाली वायु सेना पायलट तेजस गिल के रूप में दिखाया गया है। हाई लेवल के हवाई सीन्स के साथ शुरुआत और दिल को जीतने वाले डॉयलाग **'भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नही'** की विशेषता वाले ट्रेलर ने तुरंत ध्यान खींचता है। एक अच्छी तरह से बनाए हुए साउंडट्रैक और प्रभावशाली विजुअल इफेक्ट्स के साथ, ट्रेलर एक विजुअल स्पेक्टिकल है जो दमदार डायलॉग्स के साथ देशभक्ति की भावना पैदा करता है। ट्रेलर में वीर वायु सेना पायलट के रूप में कंगना स्क्रीन पर राज करती नज़र आ रही हैं, असल में गंभीर और बहादुर किरदार को चित्रित करते हुए, एक्ट्रेस फिल्म के लिए सफलतापूर्वक उत्साह पैदा करती हैं। आरएसवीपी द्वारा निर्मित, तेजस में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित, यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत स्टारर तेजस का टीज़र बड़े पर्दे पर आने वाले रोमांचक एक्शन और रोमांच की झलक पेश करता है।



## पैपराजी पर फिर भड़कीं बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू

***वीडियो वायरल***



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और वीडियो एवं पोस्ट के जरिए अपने फैंस को अपडेट करती रहती हैं। इसी बीच तापसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तापसी तस्वीरें लेने आए पैपराजी पर गुस्सा करती नजर आ रही हैं। तापसी पन्नू और पैपराजी के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बारे में तो सभी जानते हैं। तापसी अक्सर पैपराजी को तमीज सिखाती नजर आती हैं। हाल ही में तापसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तापसी को देखते ही पैपराजी उनकी तस्वीरें लेने के लिए दौड़ पड़े। वीडियो में तापसी पैपराजी को एक तरफ हटने के लिए कहती हैं, लेकिन पैपराजी हट ही नहीं रहे थे। आखिरकार तापसी को गुस्सा आ गया और उन्होंने पैपराजी को खरी-खोटी सुना दी। तापसी ने कहा, "एक तरफ हट जाओ वरना सदमे के कारण वापस कहोगे" यह पहली बार नहीं है जब तापसी ने पैपराजी पर गुस्सा निकाला हो। तापसी पन्नू पहले भी कई बार पत्रकारों और पैपराजी पर भड़क चुकी हैं। कुछ दिनों पहले तापसी का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह अपनी कार में बैठती नजर आ रही थीं लेकिन पैपराजी उनकी कार का दरवाजा पकड़े हुए थे। वह काफी गुस्से में थीं और उन्होंने फोटोग्राफर्स को ऐसा न करने के लिए डांटा था। इसके अलावा, फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट में उनकी पैपराजी से बहस भी हुई थी। तापसी के काम की बात करें तो वह शाहरुख खान के साथ फिल्म "डंकी" में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है। "डंकी" के बाद तापसी की फिल्म "हसीन दिलरुबा" और "वो लड़की है कहा" रिलीज होंगी।